अकादमी में नीति संरचना की व्यवस्था व उसके कार्यान्वयन में जनता से परामर्श की व्यवस्था

(Arrangement for policy formulation and consultation with the members of public in implementation thereof)

- शासन द्वारा गठित बोर्ड ऑफ गर्वर्नस अकादमी के संगठन, कार्यो/योगदान के संबध में निर्धारित बैठक में विचारोपरान्त निर्णय लेते हैं. उच्च स्तर पर जनता के प्रतिनिधियों से प्राप्त निर्देशों व सुझावों के अनुसार व्यवस्था व कार्य सुनिश्चित किया जाता है.
- समय-समय पर कार्यक्रमों में जनता के प्रतिनिधि व नीति निर्धारक प्रतिभागियों को सम्बोधन हेतु अकादमी में आमंत्रित किये जाते हैं. इन अवसरों पर अकादमी का कार्य विवरण आदि प्रस्तुत करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया जाता है.
- कार्यक्रमों की संरचना के निर्धारण में आवश्यकतानुसार प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाता है व सुझाव प्राप्त किये जाते हैं.
- विशिष्ट अवसरों पर जन प्रतिनिधियों व उच्च अधिकारियों द्वारा अकादमी में प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित की जाती है. इस अवसर पर मार्गदर्शन प्राप्त किया जाता है.
- अकादमी में अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम जन प्रतिनिधियों के लिए आयोजित किये जाते हैं. इन कार्यक्रमों के दौरान महत्वपूर्ण विषयों पर परामर्श किया जाता है व सुझाव प्राप्त किये जाते हैं.